हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

परिवहन और पेट्रोलियम बोर्ड की ओर से सेमिनार का आयोजन

# बस पड़ावों पर स्थापित होंगे सीएनजी स्टेशन

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** सीएनजी के उपयोग को प्रोत्साहित करने एवं वाहनजनित प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की ओर से बुधवार को शहर के एक होटल में एक दिवसीय राज्यस्तरीय सीएनजी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाहन निर्माता कंपनी, सीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, विभिन्न ऑयल कंपनी, पर्यावरण विशेषज्ञ, संबंधित स्टेकहोल्डर डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों एवं ट्रांसपोर्टरों ने भाग लिया।

सेमिनार का उद्‌घाटन करते हुए परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के वाहनों को आसानी से सीएनजी उपलब्ध हो, इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम सहित अन्य बस स्टैंडों पर भी सीएनजी स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। सीएनजी को प्रोत्साहित करने के लिए परिवहन विभाग हर संभव सहयोग करेगा। घरेलू उपयोगकर्ताओं के बीच पाइप्ड नेचुरल गैस को बढ़ावा देने के लिए एवं वाहनों में सीएनजी के उपयोग के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता है। मौके पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के सदस्य अंजनी कुमार तिवारी, डॉ नीरज नंदन, प्रवीण कुमार, अतुल वर्मा, कृत्यानंद रंजन, अरुणा कुमारी, अर्चना कुमारी मौजूद रहे।



- **छह महीने में 55 सीएनजी स्टेशन खोले जाएंगे**

## चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की

नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि राज्य सरकार अपशिष्ट प्रबंधन को सर्कुलर इकोनॉमी के मॉडल में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है, जिसका उद्देश्य कचरे से संसाधन की अवधारणा को साकार करना है। राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य राज्य में वैकल्पिक, पर्यावरण-अनुकूल ईंधनों विशेषकर सीएनजी को बढ़ावा देना तथा इससे संबंधित नीतियों, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करना था।